अपनी अध्यात्म-साधना की प्रयोगशाला मे बैठकर जो चिन्तन प्रस्तुत किया, वह भी अभूतपूर्व माना जायेगा। जीव (Soul), पुद्गल (Matter), धर्म (Medium of Motion), अधर्म (Medium of Rest), आकाश (Space) एव काल (Time) का उन्होने जिस प्रकार सोदाहरण एव सुस्पष्ट विश्लेषण 2000 वर्ष पूर्व कर दिया था, वह आज के विज्ञान-जगत् के लिए एक अद्भुत चमत्कारी घटना है। आधुनिक वैज्ञानिको को अपनी खर्चीली प्रयोगशालाओ मे प्रयोग करते-करते सदियाँ बीत जायेंगी, फिर भी कुछ भौतिक-रहस्यो को वे शायद ही कुन्दकुन्द के समकक्ष सिद्ध कर सकेंगे।

महान् शक्ति-पुञ्ज पुद्गल-परमाणु की नखरेबाजी तथा कलाबाजी जगप्रसिद्ध है। अपनी अति-सूक्ष्मता के कारण वह सर्वथा अदृश्य, पकड से दूर तथा विश्व की अपरिमित-शक्ति के परिग्रह का भारवाही होने के कारण युगो-युगो से वह ससार के वैज्ञानिको को भूल-भुलैयो मे भटकाता रहा है। किन्तु वनवासी प्राचीन-आचार्यों ने अपनी कठोर-साधनाओ के बल पर अपने दिव्य ज्ञान मे उसे देखा, परखा और सतत साधना के बल पर अध्यात्म-योग की प्रयोगशालाओ मे बैठकर उसके यथार्थ रूप को प्रकाशित भी किया है। आधुनिक भौतिक-जगत् ने उसकी अचिन्त्य-शक्ति का कभी-कभी तो सदुपयोग और कभी-कभी सहारक दुरुपयोग किया है।

कुन्दकुन्द ने उसे 'अतमज्झविभागहीणा' एव अविभागी घोषित किया था, जिसका समर्थन आधुनिक भौतिक विज्ञान ने भी यद्यपि कर दिया है, फिर भी कोटि-कोटि मुद्राओ के व्यय से भौतिक-जगत्, आज जिस 'षट्कोणी क्वार्क-मॉडल' (Quark Model) की असफल खोज मे लगा हुआ है, कुन्दकुन्द ने उसे दो हजार वर्ष पूर्व ही विश्लेषित कर दिया था। दुर्भाग्य यह है कि कुन्दकुन्द को अपना माननेवाले समाज को कुन्दकुन्द की रचनाओ के अध्ययन का न तो शौक है और न तत्त्व-जिज्ञासा ही। अत उनके अन्वेषणो से ससार परिचित नही हो पाता। अपने गौरव-पुत्रो पर अभिमान करने की मानो उसमे सामर्थ्य ही नही है। जैनेतर समाजें भी प्राकृत, सस्कृत के जैन-साहित्य को शुद्ध सम्प्रदायवादी मानकर युगो-युगो से उसकी उपेक्षा करती आ रही है। इन कारणो से भारतीय सस्कृति का एक प्रमुख प्रकाशस्तम्भ जैन-साहित्य धूमिल जैसा होता जा रहा है।

अधिकाश भाग लिखा गया है। अन्य पारिवारिक एव सामाजिक कार्यों से उत्पन्न थकावट पर ध्यान दिए विना ही लेखको ने अल्पकाल मे यह पुस्तिका तैयार की है। इसमे पाण्डित्य-प्रदर्शन नही, वल्कि कुन्दकुन्द की रचनाओ का सार्वजनीन एव सार्वभौमिक मूल्याकन सीधी-सादी सरल भाषा मे प्रस्तुत किया गया है।

हमारे इस लघु प्रकाशन से जिज्ञासुओ को यदि रचमात्र भी विचारोत्तेजना मिल सके तथा नवीन पीढी यदि अपनी दैनिक वचत के सदुपयोग तथा जिनवाणी-सेवा से परिवार, पडौसी, रिश्तेदार अथवा सुपरिचितो को सार्वजनिक कार्यों के लिए प्रेरणा दे सके, तो इससे हमे भी भविष्य मे कुछ और सरचनात्मक कार्य करने-कराने का उत्साह मिल सकेगा।

इस पुस्तक के प्रूफसशोधन एव मुद्रणादि की व्यवस्था मे डॉ० गुलाब चन्द्र जैन (भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली) का हमे वहुत सहयोग मिला है। अत हम उनके प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हैं।

श्रद्धावनत,

महाजन टोली न० 2,<br>आरा (विहार)<br>17-7-89

—राजीव M Sc, M Phill<br>(Gold Medalist), I O F S.<br>—रश्मि B E (Hons)<br>(Computer Sc )<br>—रत्नासागर M Sc M Phill (D U )<br>यू० जी० सी० रिसर्च-फैलो<br>—राजेश पंकज M Sc LL B (Prev)<br>(D U )

अजीव द्रव्य (Non-soul Substance)
पुद्गल (Matter) और आधुनिक विज्ञान / 69
पुद्गल-परमाणु-शक्ति / 70
स्निग्ध (Positive) और रूक्ष (Negative) का बन्ध / 71
कुन्दकुन्द का षट्कोणी पुद्गल-स्कन्ध एव आधुनिक विज्ञान का षट्कोणी—'क्वार्क-मॉडल' / 72
पुद्गल द्रव्य का स्थूल-सूक्ष्म रूप एव प्रोफे० आइंस्टाइन / 74
धर्म-द्रव्य (Medium of Motion) / 75
धर्मद्रव्य की आवश्यकता / 75
धर्मद्रव्य और आधुनिक विज्ञान / 76
अधर्म द्रव्य (Medium of Rest) / 76
लोक-व्यवस्था मे अधर्म-द्रव्य का महत्त्व / 77
आकाश-द्रव्य (Space substance) / 77
आकाश द्रव्य और आधुनिक विज्ञान / 78
काल-द्रव्य (Time substance) / 79
काल-द्रव्य और आधुनिक विज्ञान / 80
उपसहार / 81
परिशिष्ट 1 : कुन्दकुन्द-सौरभ / 83
परिशिष्ट 2 : कुन्दकुन्द-नवनीत / 89
परिशिष्ट 3 : कुन्दकुन्द-प्रकीर्णक / 100

2 नन्दिसघ की पट्टावली एव अन्य शिलालेखों के अनुसार 'कुन्दकुन्द' का काल ई० पू० की प्रथम सदी का अन्तिम चरण माना गया।

काल-निर्णय—उक्त दोनो मतो मे से प्रथम मत का विशेप अध्ययन करने से यह स्पप्ट होता है कि भद्रवाहु कुन्दकुन्द के साक्षात् गुरु न थे। वे परम्परा-गुरु थे, इसलिए कुन्दकुन्द ने उन्हे 'गमक-गुरु' कहा है।[1] परम्परा-से गुरु-शिष्य का सम्वन्ध सहस्रो वर्षों तक भी चल सकता है। जैसे कि आज के जैन-साधु भी कुन्दकुन्द को अपना गुरु मानते है और भविष्य मे भी उन्हे गुरु मानकर चलते रहेगे। इस कारण कुन्दकुन्द के काल-निर्णय मे उक्त प्रथम मत सहायक सिद्ध नही होता।

दूसरे मत के अनुसार नन्दिसघ की पट्टावली एव दक्षिण भारत के अनेक शिलालेखो के गम्भीर अध्ययन के निप्कर्प स्वरूप[2] कुन्दकुन्द के काल-निर्धारण के सन्दर्भ मे निम्न तथ्य सम्मुख आते हैं—

1 जन्मकाल—ई० पू० 108 के लगभग।
2 मुनि-दीक्षा काल (11 वर्ष की आयु मे)—ई० पू० 97 से ई० पू० 64 के लगभग।
3 आचार्य-पद-प्राप्तिकाल एव कुल आचार्य-काल—ई० पू० 64 से ई० पू० 12 तक।
4 स्वर्गारोहण-काल—ई० पू० 12 के लगभग।
5 कुल आयुष्य—लगभग 96 वर्ष।

इस प्रकार कुन्दकुन्द का काल ई० पू० प्रथम सदी का अन्तिम चरण सिद्ध होता है। अधिकाश विद्वानो ने इस मत का समर्थन किया है।

## कुन्दकुन्द के विविध नाम

आचार्य कुन्दकुन्द ने स्वरचित 'वारस-अणुवेक्खा' नामक रचना मे

---

1 वारसअगवियाण चउदसपुव्वगविउलवित्थरण।
सुयणाणि भद्दवाहु गमयगुरु भयवयो जयउ ॥ वोधपाहुड-62

2 विक्रमादित्य—(डॉ० राजवली पाण्डेय) पृ०-161

कहा है[1] और बतलाया है कि मुनि पद्मनन्दि को 'कसायपाहुड' एव 'पट्खण्डागम' कौण्डकुन्दपुर मे प्राप्त हुए[2] वहाँ उन्होंने 'पट्खण्डागम' के प्रथम तीन खण्डो पर 60,000 श्लोक प्रमाण 'परिकर्म' नामक ग्रन्थ लिखा।[3]

कुन्दकुन्द एव पद्मनन्दि की अभिन्नता श्रवणवेलगोल के शिलालेख स० 9[4], 10[5], 40[6], 42[7], 43[8], 47[9], एव 50[10] तथा देवसेनाचार्य कृत 'दर्शनसार'[11] से भी सिद्ध होती है। इन दोनो नामो के अतिरिक्त कुन्दकुन्द के अन्य नामो की अभिन्नता सिद्ध करने के लिए सशक्त प्रमाणो का अभाव है।

## गुरु-परम्परा

अभी तक के अन्वेषण-क्रम मे आचार्य कुन्दकुन्द के तीन गुरुओ के नाम सम्मुख आए है—(1) श्रुतकेवली भद्रवाहु, (2) कुमारनन्दि सिद्धान्तदेव एव (3) जिनचन्द्र।

(1) उक्त गुरुओ मे से श्रुतकेवली भद्रवाहु को कुन्दकुन्द ने स्वय ही गमक गुरु[12] अर्थात् परम्परा-गुरु माना है। जैसा कि पूव मे कहा का चुका है, इन दोनो मे लगभग 3(0 से कुछ अधिक वर्षों का अन्तर है। अत वे साक्षात्-गुरु की कोटि मे नही आ सकते।

(2) सुप्रसिद्ध टीकाकार जयसेन[13] तथा ब्रह्मदेव[14] ने कुन्दकुन्द को कुमारनन्दि सिद्धान्तदेव का शिष्य कहा है। मथूरा के उत्खनन मे एक शिलालेख मिला है, जिसमे उन्हे उच्चनागर शाखा मे सम्बद्ध बताया गया है। यह हुविष्क वर्ष 87 का माना गया है। किन्तु इसके अन्त परीक्षण के

---

1-3 देखिए, नन्दिसघ-पट्टावली, श्लोक स० 160-161 (समयप्राभृत, भूमिका, पृ० 1)

4-10 दे०, जैन शिलालेख सग्रह, प्र० भाग (माणिकचन्द्र सीरीज)

11 दर्शनसार—गाथा स० 43

12 बोधपाहुड—गाथा-62

13 समयप्राभृत—भूमिका, पृ० 4

14 पचास्तिकाय की ब्रह्मदेव (12 वी सदी) टीका की उत्थानिका

निष्कर्पस्वरूप कुन्दकुन्द से उसका कोई भी सम्बन्ध नही वैठता, क्योकि उच्चनागर की उस शाखा से कुन्दकुन्द का कभी कोई सम्बन्ध नही रहा।

(3) नन्दिसघ की पट्टावली के अनुसार कुन्दकुन्द के गुरु का नाम जिनचन्द्र था[1] क्योकि उसमे आचार्य माघनन्दि, जिनचन्द्र एव कुन्दकुन्द के नाम क्रमश उपलब्ध होते है। उक्त पट्टावली के अनुसार आचार्य जिनचन्द्र का आचार्य-काल वि० स० 49 तक रहा है। अत यह गुरु-शिष्य सम्बन्ध तर्कसगत सिद्ध होता है।

## जन्म-स्थल

जैसा कि पूर्व मे सकेत किया जा चुका है कि आचार्य कुन्दकुन्द का जीवन-वृत्त या उसके वीज-सूत्र उनके स्वय के साहित्य मे अनुपलब्ध हैं, किन्तु पश्चाद्वर्त्ती कुछ कथाकोषो मे उनका जीवन-परिचय अकित किया गया है, जो सक्षेप मे निम्न प्रकार है—

मालवदेश के वारॉपुर नाम के नगर मे कुन्दश्रेष्ठी नाम का एक सेठ रहता था, जिसकी पत्नी का नाम कुन्दलता था। उनके कुन्दकुन्द नाम का एक सुन्दर पुत्र उत्पन्न हुआ, जो प्रखर-प्रतिभा-सम्पन्न था। जब वह ग्यारह वर्ष का था, तभी नगर मे जिनचन्द्र नाम के एक मुनिराज पधारे। उनके उपदेश मे प्रभावित होकर उसने दीक्षा ग्रहण कर ली। तैतीस वर्ष की आयु मे उसे आचार्यपद मिल गया।[2]

इन तथ्यो के अतिरिक्त उक्त कथाकोषो मे कुन्दकुन्द की पूर्व-विदेह-यात्रा, गिरनार-पर्वत पर श्वेताम्वरो से उनका वाद-विवाद तथा अपने शिष्य उमास्वाति को आचार्य-पद प्रदान कर स्वय सल्लेखनापूर्वक शरीर-त्याग करने की भी चर्चा की गई है।

---

1 जैन-सिद्धान्त भास्कर 1/4/78

2 ज्ञानप्रवोध (तात्या नेमिनाथ पागल कृत मराठी ग्रन्थ मे प्रकाशित कुन्दकुन्द चरित) —देखिए जै० हि० 10/6-7/383-84

### सीमन्धर स्वामी के समवसरण मे उपस्थिति

सीमन्धर स्वामी का उक्त वाक्य वहाँ पर उपस्थित दो भाइयो ने सुना। वे कुन्दकुन्द के पूर्व-जन्म के मित्र थे। अत वे वहाँ से चलकर कुन्दकुन्द के समीप आए और उन्हे सीमन्धर स्वामी का आशीर्वाद सुनाकर अपने विमान मे बैठाकर विदेह-क्षेत्र ले गए।[1]

विदेहक्षेत्र के मनुष्यो का शरीर पाँच सौ धनुष उन्नत था और कुन्दकुन्द का शरीर केवल साढे तीन हाथ ऊँचा। अत सीमन्धर के समवसरण मे लोग उन्हे कुतूहल की दृष्टि से देखने लगे। वहाँ पर शीघ्र ही उनका परिचय पवसे हो गया।[2]

कुन्दकुन्द विदेहक्षेत्र मे आठ दिन तक रहे। इस बीच मे उन्होने अपनी समस्त शकाओ का सीमन्धर स्वामी से समाधान पा लिया और विविध ज्ञान-विज्ञान सीखकर तथा एक नवीन ग्रन्थ, जिसमे राजनीति, मन्त्र-तन्त्र आदि विद्याओ की चर्चा थी, साथ मे लेते आए। किन्तु मार्ग मे वह ग्रन्थ कही गिरकर नष्ट हो गया।[3]

भरतक्षेत्र मे लौटकर कुन्दकन्द ने धर्म का प्रचार किया। लगभग 700 महिलाओ एव पुरुपो को उन्होने दीक्षा दी। उसके वाद उन्होने उमास्वामी को अपने पद पर प्रतिष्ठित कर तपस्या की और ध्यानस्थ योगी की अवस्था मे वे स्वर्ग सिधारे।[4]

### पुण्डरीकिणी नगरी कहाँ है ?

प्रस्तुत कथानक वडा रोचक एव सरस है, इसमे सन्देह नही, किन्तु यथार्थता की अपेक्षा इसमे पौराणिकता अधिक है। क्योकि कलियुग मे, प्रखर तपस्या के होने पर भी, न तो चारणऋद्धि प्राप्त होने की मम्भावना है और न ही सशरीर गगनचारी होने की। हाँ, अधिक सम्भावना यही है कि पूर्वकाल मे वर्तमान विहार जव मगध एव विदेह मे विभक्त था, तव वर्तमान मिथिला तथा काश्मीर से लेकर वर्तमान अरुणाचल-प्रदेश तक एव हिमालय के सीमावर्ती राज्य—नेपाल, सिक्किम एव भूटान आदि विदेह-क्षेत्र के

---

1-4 जैन हितैषी 10/6-7

कहा जाता है कि आचार्य कुन्दकुन्द ने भिन्न-भिन्न रुचि एव बुद्धि-वाले शिष्यो के हितार्थ अपने कुछ प्रमुख साहित्य का प्रणयन किया था। तदनुसार उनके साहित्य का विभाजन निम्न प्रकार किया जा सकता है—

(1) सक्षिप्त रुचि एव बुद्धिवाले शिष्यो के हितार्थ 'पञ्चास्तिकाय' का प्रणयन।

(2) मध्यमरुचि एव बुद्धिवाले शिष्यो के हितार्थ 'प्रवचनसार' का प्रणयन।

(3) विस्तृत रुचि एव बुद्धि-सम्पन्न शिष्यो के हितार्थ 'समयसार' अथवा 'समयपाहुड' का प्रणयन।

इनके अतिरिक्त—

(4) आत्मानुशासन एव अन्त करण के स्पष्टीकरण (Inside-out) के हेतु 'नियमसार' का प्रणयन।

(5) वृद्धिगत शिथिलाचारो का सिहावलोकन कर एक सक्षम अनु-शास्ता के रूप मे लिखित अष्टपाहुड-साहित्य का प्रणयन।

(6) जैन तीर्थ-भूमियो की ऐतिहासिकता एव समकालीन भारतीय भूगोल के दिग्दर्शन हेतु निर्वाण-काण्ड का प्रणयन।

(7) राष्ट्रीय अखण्डता, भावात्मक एकता, अनुशासन तथा नैतिक एव आचारमूलक अन्य प्रकीर्णक साहित्य।

स्थानाभाव के कारण यहाँ उक्त साहित्य का विस्तृत परिचय देना सभव नही, किन्तु निबन्ध की समग्रता का ध्यान रखते हुए ग्रन्थो के वर्ण्य-विषय, उनके महत्त्व एव ग्रन्थ-विस्तार की सक्षिप्त चर्चा यहाँ की जा रही है—

## कुन्दकुन्द साहित्य का सक्षिप्त परिचय

### 1 पंचत्थिकाय (पञ्चास्तिकाय)

प्रस्तुत ग्रन्थ मे षड्द्रव्य एव नौ पदार्थो का सरल एव सुबोध भाषा-शैली मे सक्षिप्त वर्णन किया गया है। वस्तुत जीवाजीवादि द्रव्यो एव पदार्थों का ज्ञान किए विना जैनधर्म-दर्शन के मर्म को समझ पाना अत्यन्त कठिन है। अत जैनधर्म-दर्शन रूपी भव्य महल मे प्रवेश करने के लिए इस ग्रन्थ को उसका प्रवेशद्वार (Gate-way) माना जाता है।

3 महाकवि बनारसीदास कृत समयसार नाटक (हिन्दी पद्यानुवाद, 17वी सदी)

4. आत्मख्याति एव तात्पर्यवृत्ति सह मूलपाठ—प० गजाधरलाल शास्त्री द्वारा सम्पादित (सनातन जैन ग्रन्थमाला वाराणसी 1914 ई०)

5 जे० एल० जैनी कृत अग्रेजी अनु० एव टीका (S B J Series Vol VIII) 1930 ई०

6 प्रो० ए० चक्रवर्त्ती कृत (अग्रेजी अनुवाद, मूल पाठ के साथ, भारतीय ज्ञानपीठ दिल्ली, द्वि० स० 1950)

7 प० जयचन्द्र कृत—(राजस्थानी भाषा मे), सोनगढ 1955

8 प० गणेश प्रसाद वर्णी द्वारा सपादित (वर्णी दि० जैन सस्थान, वाराणसी)

9 मुनि क्षीरसागर कृत (हिन्दी पद्यानुवाद, अनु० आदि) 1956

10 टोडरमल स्मारक ट्रस्ट, जयपुर से प्रकाशित

11 प० पन्नालाल साहित्याचार्य द्वारा सपादित (कुन्दकुन्द भारती फल्टन, 1970)

12 प० बलभद्र जैन (कुन्दकुन्द भारती प्रकाशन, दिल्ली 1978)

4 नियमसार

आचार्य कुन्दकुन्द ने जहाँ पूर्वोक्त तीनो ग्रन्थ विशिष्ट रुचि एव बुद्धि वाले शिष्यो के लिए लिखे, वही प्रस्तुत ग्रन्थ उन्होंने केवल अपने लिए स्वान्त सुखाय लिखा, स्वात्माभिव्यक्ति (Inside out) के लिए लिखा। इसमे कुन्दकुन्द किसी तत्त्वोपदेष्टा या अनुशास्ता के रूप मे नही, बल्कि एक अन्तर्मुखी (Introvert) आत्मार्थी और गहन चिन्तक के रूप मे सम्मुख आए है। उन्होंने उक्त ग्रन्थ की सार्थकता बतलाते हुए स्वय कहा है—

णियभावणाणिमित्तं मए कद णियमसारणामसुदं।
णच्चा जिणोवदेस पुव्वावरदोसणिम्मुक्कं ॥186॥

अर्थात् पूर्वापर दोपरहित जिनोपदेश को जानकर ही मैंने अपनी भावना के निमित्त इस नियमसार नामक शास्त्र की रचना की है।

(3) चारित्रपाहुड ( 45 गाथाएँ मात्र)
(4) बोधपाहुड ( 61 गाथाएँ ,, )
(5) भावपाहुड (164 गाथाएँ ,, )
(6) मोक्षपाहुड (106 गाथाएँ ,, )
(7) लिंगपाहुड ( 22 गाथाएँ ,, )
(8) शीलपाहुड ( 40 गाथाएँ ,, )

6 बारस अणुवेक्खा (द्वादशानुप्रेक्षा)

पदार्थ के स्वरूप का बारम्बार सूक्ष्मातिसूक्ष्म एकाग्र चिन्तन (अनु+प्र+ईक्षण) करना ही अनुप्रेक्षा है। इन अनुप्रेक्षाओ को 'भावना' भी कहा गया है। वैराग्य सम्बन्धी भावना के पोषण की दृष्टि मे इसका विशेष महत्त्व है। ये अनुप्रेक्षाएँ अथवा भावनाएँ 12 होती हैं। आचार्य कुन्दकुन्द ने अपनी कुल 91 गाथाओ मे उनका क्रम निम्न प्रकार निर्धारित किया है—

अद्धुवमसरणमेगत्तमण्णससारलोगमसुचित ।
आसवसवरणिज्जरधम्म बोहिं च चितेज्जो ॥ (गाथा-2)

अर्थात् (1) अध्रुव (अनित्य), (2) अशरण, (3) एकत्व, (4) अन्यत्व, (5) ससार, (6) लोक, (7) अशुचित्व, (8) आस्रव, (9) सवर, (10) निर्जरा, (11) धर्म एव (12) बोधि। इन द्वादश अनुप्रेक्षाओ का चिन्तन करना चाहिए।

उक्त रचना के अनुकरण पर परवर्तीकालो मे प्राकृत, सस्कृत, अपभ्रश एव हिन्दी आदि मे लगभग दो दर्जन से अधिक रचनाएँ लिखी गईं।

7 भत्ति-सगहो (भक्ति-संग्रह)

प्रस्तुत साहित्य मे आराध्यो के प्रति भक्ति का निदर्शन एव व्याख्या की गई है। इस साहित्य का आचार, अध्यात्म एव सिद्धान्त की दृष्टि मे तो अपना विशेष महत्त्व है ही, साहित्यिक इतिहास की दृष्टि से भी उनका विशेष महत्त्व है। क्योकि इस भक्ति-साहित्य की प्रत्येक रचना के अन्त मे प्राकृत गद्याश भी प्रस्तुत किया गया है। ये अश ऐतिहासिक महत्त्व के हैं, क्योकि एक ओर तो वे जैन-शौरसेनी की गद्य-शैली का प्रतिनिधित्व करते हैं और दूसरी ओर, जैन-शौरसेनी भाषा के परिनिष्ठित रूप को प्रस्तुत करते हैं।

हुई। आगे चलकर अर्धमागधी आगम-साहित्य मे भी उस महाराष्ट्री प्राकृत की कुछ प्रवृत्तियो का प्रवेश हो गया। यही नही, उत्तर एव पश्चिमी भारत मे जो प्राकृत साहित्य लिखा गया, उसमे भी महाराष्ट्री की प्रवृत्तियो का समावेश हो गया, इस कारण उसे जैन-महाराष्ट्री के नाम से अभिहित किया गया। किन्तु यह तथ्य है कि षट्खण्डागम-साहित्य मे शौरसेनी की मूल प्रवृत्तियाँ ही अधिक हैं तथा महाराष्ट्री प्राकृत की प्रवृत्तियाँ गौणतर दिखाई देती हैं। इसे ही जैन शौरसेनी भी कहा गया है।

## कुन्दकुन्द की भाषा की कुछ प्रमुख-प्रवृत्तियाँ

यहाँ यह प्रश्न उत्पन्न होना स्वाभाविक है कि महाराष्ट्र तथा गुजरात मे जब महाराष्ट्री प्राकृत की प्रवृत्तियो का पूर्ण या आशिक रूप मे प्रवेश हो गया था, तब सुदूर-दक्षिण मे बैठकर लिखा गया साहित्य उससे गौण रूप मे ही क्यो प्रभावित हो सका? इसका एक सामान्य-सा यही उत्तर हो सकता है कि उस साहित्य का प्रणयन दक्षिण मे महाराष्ट्री प्राकृत के प्रभाव के पूर्व ही हो चुका हो तथा आर्येतर भाषाओ के मध्य रहकर भी अपनी पूर्व भाषा के रूप का अभ्यास करते रहने के कारण वे (कुन्दकुन्द आदि) महाराष्ट्री के प्रभाव से बहुत कुछ अशो तक बचे रहे हो। इस प्रकार आचार्य कुन्दकुन्द की भाषा जैन-शौरसेनी है, जिसकी कुछ मुख्य-प्रवृत्तियाँ निम्न प्रकार हैं—

(1) कर्त्ता कारक एक वचन पुल्लिग मे 'ओ'। यथा—

जादो<जात (प्रवचन० गा० 19)
उप्पादो<उत्पाद (प्रवचन० गा० 18)
भणिदो<भणित (प्रवचन० गा० 14)

(2) तवर्गीय प्रथम एव द्वितीय वर्णों के स्थान पर क्रमश: तृतीय एवं चतुर्थ वर्णों का पाया जाना। यथा—

भूदो<भूत (प्रवचन 16)
होदि, हवदि <भवति (प्रवचन० 16, 113)

(ग) पचमी के एकवचन मे शौरसेनी-प्राकृत के समान 'आदो'-प्रत्यय, यथा—

परिणामादो<परिणामात् (प्रवचन० 129)

महाराष्ट्री प्राकृत के समान, तम्हा<तस्मात् (प्रवचन 84)

(घ) सप्तमी मे अर्धमागधी प्राकृत के समान—म्मि, म्हि प्रत्यय। यथा—

दाणम्मि<दाने (प्रवचन० 69)

एगम्हि<एकस्मिन् (प्रवचन० 143)

(6) √कृ—कुव्वदु<करोतु, शौरसेनी के समान (प्रवचन० 251)

करेदि<करोति, „ „ „ (पचास्ति० 88)

कुणइ<करोति, महाराष्ट्री के समान (मोक्षपाहुड 42)

कुणदि<करोति, शौरसेनी के समान (प्रवचन० 149)

करेई<करोति—महाराष्ट्री के समान—(रयण० 96)

(7) (क) क्त्वा प्रत्यय के स्थान मे महाराष्ट्री एव शौरसेनी के समान 'त्ता' प्रत्यय'। यथा—

वदित्ता—वन्दित्वा<(बोधपाहुड 1)

(ख) क्त्वा प्रत्यय के स्थान मे 'य'। यथा—

भवीय<भूत्वा (प्रवचन० 151)

गहीय<गृहीत्वा

किच्चा<कृत्वा (प्रवचन० 82)

(ग) शौरसेनी एव महाराष्ट्री के दूण एव ऊण प्रत्ययो के प्रयोगो का पाया जाना। यथा—

सुणिदूण<श्रुत्वा (प्रवचन० 1/62) शौरसेनी प्रयोग

काऊण<कृत्वा (दर्शनपाहुड 1/1) महाराष्ट्री प्रयोग

## अलकार-प्रयोग

यह सत्य है कि आचार्य कुन्दकुन्द अलकार-शास्त्री नही थे और न वे वर्ण्य-विषय को पाण्डित्य-प्रदर्शन हेतु अलकारो की जबर्दस्त ठूँस-ठाँस से जटिल एव बोझिल बनाना चाहते थे। फिर भी उनकी कृतियो मे उपमा,

रूपक, अप्रस्तुतप्रशसा, उदाहरण आदि अलकार मिलते हैं, जो सहज-स्वाभाविक रूप मे ही प्रयुक्त हैं, प्रयत्नसाध्य नही। उनके कुछ उदाहरण यहाँ प्रस्तुत हैं—

### उपमालकार

प्रवचनसार के शुभोपयोग वर्णन-प्रसग मे देखिए, उपमालकार का कितना सुन्दर एव स्वाभाविक प्रयोग हुआ है—

कुलिसाउहचक्कधरा सुहोवओगप्प गेहिं भोगेहिं ।
देहादीण विद्धि करेंति सुहिदा इवाभिरदा ॥ 1/73॥

और भी,

पुरिसेण वि सहियाए कुसमयमूढेहिं विसयलोलेहिं ।
ससारे भमिदव्व अरयघरट्ट व भूदेहिं ॥
(शीलपाहुड-26)

जह सलिलेण ण लिप्पइ कमलिणिपत्त सहावपयडीए ।
तह भावेण ण लिप्पइ कसाइविसए वि सुप्पुरिसो ॥
(भावपाहुड-153)

### रूपकालकार

निम्नलिखित उद्धरणो मे उपमेय मे उपमान का निषेधरहित आरोप किया गया है। अत उनमे रूपकालकार का सहज प्रयोग देखा जा सकता है—

ते धीरवीरपुरिसा खमदमखग्गेण विप्फुरतेण ।
दुज्जयपवलवलुद्धरकसायभडणिज्जिया जेहिं ॥
(भावपाहुड-155)

मायाबेल्लि असेसा मोहमहातरुवरम्मि आरूढा ।
विसयविसपुप्फफुल्लिय लुणति मुणि णाणसत्थेहिं ॥
(भावपाहुड-157)

ही समझ सकता है, सामान्य बुद्धि वाला व्यक्ति नही। इसी प्रकार के पद्य कूट-पद कहलाते हैं। इसी प्रकार रयणसार (गाथा—7, 19, 31, 99), भावपाहुड (97), मोक्षपाहुड (44), बारसअणुवेक्खा (10, 54) मे भी इस प्रकार के कूट-पद उपलब्ध हैं।

## छन्द-योजना

जिस प्रकार सस्कृत का 'आर्या-छन्द' एव अपभ्रश का 'दूहा-छन्द' प्रसिद्ध है, उसी प्रकार प्राकृत का 'गाथा-छन्द' प्रसिद्ध है। ये तीनो छन्द सरल, सरस एव गेय होने तथा द्विपदी होने के कारण तथा इन्हें कण्ठस्थ कर लेने मे सुविधा होने के कारण प्रारम्भ से ही लोकप्रिय रहे हैं।

कुन्दकुन्द साहित्य का प्रमुख छन्द 'गाथा-छन्द' है। प्राभृत-साहित्य विशेषतया भावप्राभृत, मोक्षप्राभृत एव समयप्राभृत तथा नियमसार मे अनुष्टुप-छन्द का प्रयोग भी प्रचुर मात्रा मे मिलता है। भाषा की सरलता और लौकिक उदाहरण से युक्त होने के कारण सहज बोधगम्य तथा गेयता की दृष्टि से निम्न गाथा-छन्द दृष्टव्य है—

> जह पउमरायरयण खित्त खीरे पभासयदि खीर।
> तह देही देहत्थो सदेहमत्त पभासयदि ॥—पचास्ति०-33 ॥

अर्थात् जिस प्रकार दूध मे पडा हुआ पद्मरागमणि सम्पूर्ण दूध को प्रभामित कर देता है, उसी प्रकार शरीर म स्थित आत्मा भी समस्त शरीर को प्रभासित कर लेता है।

### अनुष्टुप

> जो दु पुण्ण च पाव च भाव वज्जेदि णिच्चसा।
> तस्स सामाइग ठाई इदि केवलिसासणे ॥—नियमसार 130 ॥

### उग्गाहा

> णाण अप्पपयास णिच्छयणयेण दसण तम्हा।
> अप्पा अप्पपयासो णिच्छयणयेण दसण तम्हा ॥
> (नियमसार 165)

रहस्य बतलाना चाहता है। जनता जनार्दन से घुलने-मिलने के लिए वस्तुत किसी भी प्रकार की साज-सज्जा या वैभवपूर्ण आडम्बरो की आवश्यकता नही होती। क्योकि इनकी तडक-भडक से सामान्य जनता उनसे विश्वास-पूर्वक घुल-मिल नही पाती। इसीलिए लोकहित की दृष्टि से कुन्दकुन्द ने अपने घर का वैभव छोडा, गृहत्याग किया, निर्ग्रन्थ वेश धारण किया, पद-यात्रा का आजीवन व्रत लिया और सबसे बडी प्रतिज्ञा यह की कि वे सामान्य-जनता के हितार्थ लोकप्रचलित जनभाषा का ही प्रयोग करेंगे, उसी मे प्रवचन करेंगे, उसी मे बोलेंगे, उसी मे सोचेंगे और उसी मे लिखेंगे भी। उस दृढ व्रत का उन्होने आजीवन पालन भी किया।

आचार्य कुन्दकुन्द के समय मे अर्थात् आज से लगभग दो हजार वर्ष पूर्व की जनभाषा को भाषा-शास्त्रियो ने 'प्राकृत-भाषा' कहा है। कुन्दकुन्द के पूर्व भी प्राकृतो का प्रयोग होता आया था। तीर्थंकर पार्श्वनाथ, महावीर एव बुद्ध ने जनभाषा-प्राकृत का ही प्रयोग किया था। यही नही, प्रियदर्शी सम्राट अशोक ने अपने अध्यादेश जनभाषा प्राकृत मे ही प्रसारित किए थे तथा कलिग-नरेश खारवेल ने भी अपने राज्य-काल का पूर्ण विवरण प्राकृत मे ही प्रस्तुत किया था। किन्तु इन सभी की जनभाषा पूर्वी-भारत मे प्रचलित वह जनभाषा थी, जिसे मागधी अथवा अर्धमागधी के नाम से अभिहित किया गया है। आचार्य कुन्दकुन्द की स्थिति इससे भिन्न है।

आचार्य कुन्दकुन्द पहले समर्थ लेखक एव कवि हैं, जिन्होंने दाक्षिणात्य होते हुए भी उत्तर-भारत मे जन्मी किसी जनभाषा (जिसे भाषा-शास्त्रियो ने 'शौरसेनी प्राकृत' कहा) का केवल प्रयोग मात्र ही नही किया, बल्कि उनमे निर्भीकतापूर्वक बिना किसी सोच-सकोच के, धाराप्रवाह विविध विषयक विस्तृत साहित्य का प्रणयन भी किया और उसकी लोकप्रियता मे चार चाँद लगा दिए। परवर्तीत लेखक-आचार्यों के सम्मुख उन्होंने इतना सरस एव मर्मस्पर्शी साहित्य लिखकर एक विशेष आदर्श उपस्थित किया, जिसमे प्रेरणा लेकर अनेक कवि 11वी-12वी सदी तक उसी भाषा मे साहित्य-प्रणयन करते रहे।

आधुनिक भारतीय भाषाओ के उद्भव एव विकास के अध्ययन-क्रम मे भाषा-वैज्ञानिको ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि ब्रजबोली का उद्भव एव

(कुमारसम्भव 1/1) नाम की पक्ति का उल्लेख किया था और उसे एक प्रामाणिक दस्तावेज के रूप मे प्रस्तुत कर चीन-सरकार के दावे को गलत बताकर हिमालय के कण-कण पर भारतीय स्वामित्व की घोषणा की थी।

कालीदास के पूर्ववर्ती आचार्य कुन्दकुन्द (ई० पू० 12) द्वारा किया गया अष्टापद (कैलाश-पर्वत) का उल्लेख तो उक्त प्रसग मे सम्पूर्ण हिमालय पर भारतीय-स्वामित्व का कालिदास से भी प्राचीनतम सबल प्रमाण सिद्ध होता है।

उक्त जैनतीर्थों के चतुर्दिक विस्तार मे इस तथ्य पर भी प्रकाश पडता है कि जैनधर्म भारतव्यापी था। सार्वजनीन, सरचनात्मक एव समन्वयात्मक होने तथा राष्ट्रीय एकता एव अखण्डता का हामी होने के कारण वह लोकप्रिय धर्म के रूप मे सर्वत्र स्वीकृत था।

## राजनीति सम्बन्धी सन्दर्भ

आचार्य कुन्दकुन्द का यद्यपि राजनीति से किसी भी प्रकार का सम्बन्ध न था, किन्तु समाज एव राष्ट्र की गतिविधियो से सन्त एव साहित्यकार जाने या अनजाने ही प्रभावित होते रहते हैं। इस दृष्टि से यदि विचार किया जाए तो कुन्दकुन्द ने जिस राजनैतिक शब्दावली का प्रयोग अपने उदाहरण-प्रसगो मे किया है वह सम्भवत निम्नलिखित ऐतिहासिक एव राजनैतिक घटनाओ का प्रभाव प्रतीत होता है—

### कुन्दकुन्द साहित्य मे सम्राट सम्प्रति, खारबेल, शुग एव शक राजाओ के कार्यकलापो की झाँकी

1 अन्तिम मौर्य-सम्राट सम्प्रति (ई० पू० 216-207) के विषय मे यह कहा जाता है कि उन्होने समग्र भारत मे ही नही, बल्कि सारे एशिया मे भी जैनधर्म का प्रचार किया था तथा वहाँ मन्दिर, मठ एव चैत्यालय बनवाए थे। कुन्दकुन्द को उक्त मौर्य सम्राट के कार्यों की जानकारी अवश्य रही होगी, ऐसा उनके अष्टपाहुड साहित्य से आभास मिलता है।

2 कुन्दकुन्द से लगभग 6-7 दशक पूर्व ही कलिंग के चेदिवशी

सिद्धान्तो को स्पष्ट करते हेतु प्रसगवश यत्र तत्र उक्त शब्दावलियो को उदाहरण के रूप मे प्रस्तुत किया है ।

हमारा दृढ विश्वास है कि कुन्दकुन्द-साहित्य का यदि ईसा-पूर्व के भारतीय इतिहास के आलोक मे गहन अध्ययन किया जाए, तो उसमे सम्राट सम्प्रति, सम्राट खारवेल, शुग एव शक वशी राजाओ के कार्य-कलापो की झाँकी मिल सकती है । इस दिशा मे प्रयत्न होना चाहिए ।

## कुन्दकुन्द साहित्य मे राजतन्त्रीय प्रणाली की झलक

राजतन्त्रीय प्रणाली के निम्न उल्लेख महत्त्वपूर्ण हैं—

"रज्जं पहाणहीणं पतिहीणं देसगामरट्ठवलं ।।" रयण० 72

अर्थात् राजा के विना राज्य एव सेनापति के बिना देश, ग्राम, राष्ट्र एव सैन्य सुरक्षित नही रह सकते ।

राजतन्त्रीय प्रणाली मे दो शत्रुओ का युद्ध रणक्षेत्र मे आमने-सामने आकर लडा जाता था, लुका-छिपी से नही । उसका भी अपना एक अनुशासन था, जिसका दोनो पक्ष पालन करते थे । कुन्दकुन्द का यह कथन उसी का सकेत है—

जो कोडिए ण जिप्पइ सुहडो सगामएहि सव्वेहि ।
सो कि जिप्पइ इक्कि णरेण सगामए सुहडो ।। मोक्ख० 22

अर्थात् जो सुभट सग्राम मे कोटि-कोटि योद्धाओ के द्वारा भी नही जीता जाता, वह क्या किसी एक योद्धा के द्वारा जीता जा सकता है ?

इसी प्रकार 'सुहडो सूरत्त विणा'[1] (शूरवीरता के विना योद्धा) तथा 'सालविहीणो राओ'[2] (दुर्ग के विना राजा) आदि उक्तियाँ भी उक्त प्रणाली को सूचित करती हैं । अन्य राजनीतिक शब्दावलियाँ इस प्रकार हैं —

### सप्तागराज्य[3]

कौटिल्य-अर्थशास्त्र[4] के अनुसार राज्य के सात अग इस प्रकार

1 रयणसार, गा०- 65
2 वही, गा०-80
3 रयणसार, गाथा-20
4 कौटिल्य अर्थशास्त्र, 6/1

हैं—दुर्ग अर्थात् शुल्क, दण्ड एव पौतव तथा नगराध्यक्ष, लक्षणाध्यक्ष, मुद्राध्यक्ष, सुराध्यक्ष, शूनाध्यक्ष, सूत्राध्यक्ष, स्वर्णाध्यक्ष एव शिल्पी आदि से वसूल किया जाने वाला धन ('दुर्ग' कहलाता था),

(2) राष्ट्र— कृपि, व्यापार (जलीय एव स्थलीय), भूमि का सर्वेक्षण आदि,

(3) खनि—अर्थात् सोना, चाँदी, लोहा, ताँवा आदि खनिज पदार्थ,

(4) सेतु—यातायात के साधनो की सुविधा हेतु पुल तथा वाँध आदि,

(5) वन-सम्पदा,

(6) व्रज—गो-सम्पदा, एव

(7) व्यापार।

### षडंगवल[1]

अर्थात् 6 अगो से युक्त सेना। ये वल निम्न प्रकार है—

(1) सारभूत-वल, (2) पदाति-वल, (3) अधिकारी वल, (4) सामान्य-सेवक-श्रेणी-वल, (5) मित्र-वल एव (6) आटविक वल।

अपनी सुरक्षा के लिए किसी भी राप्ट्र के लिए उक्त छहप्रकार के वलो की आवश्यकता रहती थी।[2]

### चतुरगिणी सेना

अर्थात् 4 प्रकार की सेना जो इस प्रकार होती थी—

(1) गजसेना, (2) रथसेना, (3) अश्वसेना एव (4) पदाति-(पैदल) सेना।

### धनुर्विद्या[3]

प्रतीत होता है कि कुन्दकुन्द के समय मे युद्धो मे अन्य शस्त्रास्त्रो के साथ-साथ धनुर्विद्या का प्रयोग विशेष रूप से होता था।

---

1 रयणसार, गाथा-19

2 वारसअणुवेक्खा, गाथा-10

3 वोधपाहुड, गाथा 20,22

है। यह शरीर केवल रोगों का ही घर है। ससार के सभी सुख क्षणिक हैं, इनसे मुक्ति प्राप्त कर शाश्वत-सुख प्राप्त करने का प्रयत्न करो।" ऐसे सासारिक दु खो का वर्गीकरण उन्होने इस प्रकार किया है[1] —

1 आगन्तुक (अर्थात् दूसरो के वे कारण जो व्यक्ति को दु:खी वना दें)।
2 मानसिक (अर्थात् जो स्वय अपने पारिवारिक कारणो से उत्पन्न हो)।
3 साहजिक (अर्थात् जो अन्य दु खी प्राणियो को देखकर उत्पन्न हो)
4 शारीरिक (अर्थात् वात, पित्त एव कफ के कुपित पो जाने से उत्पन्न वीमारियो के कारण जो दु ख उत्पन्न हो)।

## शारीरिक रोग एव औषधियाँ

शारीरिक रोगो के विषय मे कुन्दकुन्द ने लिखा है कि शरीर के प्रत्येक अगुल मे 96-96 रोग हो सकते हैं।[2] इन वीमारियो के इलाज के लिए उन्होंने पाँच प्रकार की औषधियाँ भी बतलाई हैं,[3] जिनका वर्गीकरण इस प्रकार किया गया है—

(1) आमौषधि, (2) जल्लौषधि, (3) खेल्लौषधि, (4) विप्रुषौषधि, एव (5) सर्वौषधि।

कवि ने एक स्थान पर शारीरिक सरचना का भी 3-4 गाथाओ मे सुन्दर वर्णन किया है।[4]

## व्यायाम

कवि ने शारीरिक शक्ति को वढाने के लिए व्यायाम की विधि का

---

1. भावपाहुड, गाथा-11
2 रयणसार गाथा 32-34 तथा भावपाहुड गाथा 25-27, 37, 39, 42
3 भक्त्यादि सग्रह, गाथा 5/16 (सस्कृत टीका मे दृष्टव्य)
4 भावपाहुड, गाथा 39-42 तथा वारस-अणुवेक्खा, गाथा 43-45

कुन्दकुन्द के समय तक जैन-कथा एव पुराण-साहित्य के लेखन का प्रारम्भ नही हुआ था। किन्तु उन्होने आगत-परम्परा के अनुसार कथा-बीजो के सकेत सैद्धान्तिक उदाहरणो के प्रसग मे अवश्य दिए हैं, जो परवर्ती कथा-साहित्य के लिए स्रोत-सामग्री के प्रमुख आधार वन सके। ऐसे कथा-बीजो मे—आतापन योगी वाहुवली, निदान मात्र से दुखी वशिष्ठ मुनि, तथा मधुपिंग मुनि, दण्डक नगर को जला डालने वाले वाहुमुनि, रत्नत्रय-विहीन द्वैपायन मुनि, विशुद्ध-हृदय वीर शिवकुमार, अभव्यात्मा भव्यसेन, विशुद्ध-परिणामी शिवभूति मुनि एव अशुद्ध परिणामी शालिसिक्थ मत्स्य[1] तथा विपय-लोलुपी रुद्र[2] आदि प्रमुख हैं।

उक्त कथा-पात्रो के नामोल्लेख मात्र ही कवि ने प्रस्तुत किए हैं। किन्तु आगे चलकर महाकवि हरिषेण, रामचन्द्र मुमुक्षु, व्रह्म० नेमिदत्त एव महाकवि रइधू आदि कवियो ने इन कथा-वीजो को साहित्यिक शैली मे पर्याप्त विस्तार देकर उन्हें अत्यन्त रोचक वना दिया है।

## सदाचरण का आदेश

वहुत सम्भव है कि तत्कालीन गृहस्थो एव साधुओ मे कदाचार को देखकर आचार्य कुन्दकुन्द द खी भी हो। क्योकि उन्होंने लिंग-पाहुड की अनेक गाथाओ मे साधुओ को शास्त्रोक्त-पद्धति से आचरण करने का आदेश दिया है।

## चोरी-डकैती एव दण्ड-व्यवस्था

कुन्दकुन्द ने राहगीरो पर पडने वाली डकैती की भी चर्चा[3] की है एव चोरी-डकैती मे पकडे गए चोरो-डकैतो के पैरो मे पडी हुई वेडी[4] का भी

---

1 भावपाहुड, गाथा-44-53, ८8

2 शीलपाहुड, गाथा-30-31

3 समयसार, गाथा-59-60

4 समयसार, गाथा-146

कि उत्पाद, व्यय एव ध्रौव्य अथवा गुण एव पर्याय वाला सत् (Existence) ही द्रव्य (Substance) है[1]। दूसरे शब्दो मे यह भी कहा जा सकता है कि जैन-दर्शन 'सत्' को 'द्रव्य' मानता है और वह 'सत्' उत्पाद, व्यय एव ध्रौव्य का समन्वयात्मक रूप होता है।

## भ्रम-निवारण

उक्त मान्यता मे विरोधाभास का भ्रम अवश्य होने लगता है कि उत्पत्ति, विनाश एव ध्रुवत्व जैसे परस्पर-विरोधी गुण एक साथ कैसे रह सकते हैं ? प्राचीन जैनाचार्यों ने एक लौकिक उदाहरण द्वारा इस भ्रम को दूर किया है। उनके अनुसार स्वर्ण के ढेले को गलाकर जब गले का हार बना दिया जाता है, तब उसमे तीनो गुण एक साथ देखे जा सकते हैं—(1) गले के हार का निर्माण (उत्पत्ति), (2) स्वर्ण के ढेले का गलना (व्यय—विनाश), एव (3) दोनो अवस्थाओ मे स्वर्णत्व का समान रूप से रहना (ध्रौव्य)। इस प्रकार द्रव्य मे उत्पादादि गुण एक साथ रह सकते है[2]। उनमे परस्पर मे कोई विरोध नही।

जैन-दर्शन के अनुसार सभी द्रव्य नित्य, अरूपी एव अवस्थित है[3]।

## द्रव्य और आधुनिक विज्ञान

द्रव्य के उक्त लक्षण का यदि आधुनिक-विज्ञान की मान्यताओ से तुलनात्मक अध्ययन किया जाय, तो लगभग एकरूपता सिद्ध होती है। आधुनिक-विज्ञान तीन प्रमुख सिद्धान्त मानता है—(1) स्थिति (Conservation of Energy), (2) वस्तु विनाशित्व (Law of Destructibility of Matter) तथा शक्ति-रूपान्तर (Transformation of Energy)। इन मान्यताओ से यह स्पष्ट है कि विनाशशील पदार्थों मे भी

---

1. पचास्तिकाय, गाथा 8-10
2. पचास्तिकाय, गाथा 11-15
3. 'नित्यावस्थितान्यरूपाणि', तत्त्वार्थसूत्र 5/4

की अयोध्या की महारानी कैकेयी थी), जो कि वर्तमान पेशावर, (पाकिस्तान) के आसपास का प्रदेश माना गया है, वहाँ का प्रदेशी (पएसी) नाम का राजा था, जो स्वभावत. ही हत्यारा, निर्दय एव नास्तिक था। एक बार उसके मन मे प्रश्न उठता है कि शरीर और आत्मा भिन्न हैं अथवा अभिन्न ? अपनी जिज्ञासा-पूर्ति के लिए उसने अनेक प्रकार के प्रायोगिक एव सैद्धान्तिक प्रयोग भी कर डाले।

एक बार वह चार कम्वोजी वलिष्ठ घोडो से जुते हुए रथ पर सवार होकर सेयाविया नगरी के उद्यान मे उस स्थान पर पहुँचा, जहाँ कि तीर्थंकर पार्श्वनाथ के साक्षात् शिष्य श्रमणकुमार केशी विराजमान थे। उनके दर्शन कर राजा प्रदेशी ने शरीर एव आत्मा की अभिन्नता के समर्थन मे उनके समक्ष अनेक तर्क प्रस्तुत किए। इन प्रयोगो सम्बन्धी राजा प्रदेशी की कथाएँ वडी ही रोचक, सरस एव विस्तृत है। उन्हें अविकल रूप मे स्थानाभाव के कारण प्रस्तुत कर पाना शक्य नही, अत उनके मात्र साराश को सक्षेप मे प्रश्नोत्तर के रूप मे यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है[1]—

**राजा प्रदेशी** अधार्मिक एव भ्रष्टाचारी व्यक्ति यदि नरक मे जाते है, तो वे वहाँ से अपनी विक्रिया ऋद्धि के वल पर मर्त्य-लोक मे आकर अपने परिवार के लोगो को धार्मिक जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा क्यो नही देते ? चूँकि ऐसा देखा नही गया, इसी से प्रतीत होता है कि परलोक भी नही है और शरीर और आत्मा अभिन्न ही हैं।

**श्रमणकुमार केशी** नरक मे जाकर नारकी जीव स्वतन्त्र होकर विचरण नही कर सकते। पराधीनता के कारण, वे मर्त्यलोक मे नही आ सकते क्योकि वहाँ असुर जाति के देव पूर्व-भव स्मरण करा-करा कर परस्पर मे अन्य नारकियो से कलह कराने मे ही उन्हे उलझाए रखते

1 रायपसेणिय-सुत्त, 233-267

तथा सर जगदीशचन्द्र बोस के वनस्पति-सम्बन्धी आविष्कार ने आत्मा की सकोच-विस्तार वाली स्थिति को सिद्ध कर दिया है[1]। आत्मा के सकोच-विस्तार की स्थिति तो पूर्णतया जैन-दर्शन सम्मत है ही[2]।

## अजीव-द्रव्य (Non-soul Substance)

दूसरे, अजीव द्रव्य को पाँच भागो मे विभक्त किया गया है—(1) पुद्गल, (2) धर्म, (3) अधर्म, (4) आकाश एव (5) काल। इनमे से पुद्गल-द्रव्य मूर्त्तिक है तथा अन्य द्रव्य अमूर्तिक। जीवादि छहो द्रव्यो मे से कालद्रव्य को छोडकर बाकी के 5 द्रव्य अस्तिकाय कहलाते हैं क्योंकि उनमे सत्ता एव विस्तार (Existence and Extension) दोनो गुण पाए जाते हैं। कालद्रव्य मे विस्तार की स्थिति नही होने से वह अनस्तिकाय माना गया है। कुन्दकुन्द एव परवर्ती आचार्यों ने इन विषयो पर सूक्ष्म-विश्लेषण प्रस्तुत किया है।

## पुद्गल (Matter and energy) और आधुनिक विज्ञान

यहाँ सक्षेप मे उक्त द्रव्यो पर क्रमश विचार किया जा रहा है। पुद्गल की परिभाषा के प्रसग मे आचार्य कुन्दकुन्द ने लिखा है कि—

**उवभोज्जमिंदिएहिं य इदियकाया मणो य कम्माणि।**
**ज हवदि मुत्तमण्ण त सव्वं पोग्गल जाणे॥** पचास्ति० 82

अर्थात् इन्द्रियो द्वारा उपभोग्य विषय (जैसे—स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण और शब्द), पाँच स्पर्शनादि इन्द्रियाँ, पाँच प्रकार के शरीर (जैसे—औदारिक, वैक्रियक, आहारक, तैजस एव कार्माण), मन, कर्म (द्रव्य कर्म, नोकर्म) तथा अन्य जो कुछ भी मूर्त्त (अर्थात्—अनेक प्रकार की पर्यायें उत्पन्न होने के कारणभूत) अनन्त अनन्ताणुक वर्गणाएँ, अनन्त-असख्याताणुक वर्गणाएँ और द्वि-अणुक स्कन्ध तक की अनन्त सख्याताणुक वर्गणाएँ

---

1 महावीर स्मृति ग्रन्थ, पृ० 121

2 तत्त्वार्थराजवार्तिक 5/16

गरम एव ठण्डा भी कहा जाता है। स्निग्ध एव रूक्ष का अर्थ चिकना एव रूखा अथवा खुरदरा नही होता। वस्तुतः वे वैज्ञानिक पारिभापिक शब्द ही हैं और उन्हें Positive and Negative के अर्थ मे ही लेना चाहिए। जैनाचार्यों के इस विद्युत् सम्बन्धी सिद्धान्त से अनेक आधुनिक वैज्ञानिक प्रभावित हुए हैं। स्निग्ध एव रूक्ष के पौद्गलिक बन्ध को अत्यन्त वैज्ञानिक परिभापिक शब्दो की सज्ञा देते हुए डॉ० B H Seal ने कैम्ब्रिज से प्रकाशित अपने शोध-प्रबन्ध 'Positive Sciences of Ancient Hindus' मे लिखा है—"जैनाचार्यों को यह ज्ञात था कि भिन्न-भिन्न वस्तुओ के परस्पर मे सघर्पण से Positive and Negative विद्युत् उत्पन्न की जा सकती है।"[1]

## कुन्दकुन्द का षट्कोणी पुद्गल-स्कन्ध और आधुनिक विज्ञान का षट्कोणी 'क्वार्क मॉडल'

आधुनिक वैज्ञानिको ने परमाणु के विपय मे कुछ नवीन प्रयोग भी प्रारम्भ किए हैं और उसके सम्मानित निष्कर्पों को उन्होंने 'क्वार्क मॉडल' की सज्ञा दी है। वायुमण्डल की ऊँचाइयो एव समुद्र की गहराइयो मे इसकी गहन खोज की जा रही है। किन्तु अभी तक क्वार्क की खोज हो नही सकी है। इस नवीन खोज की आवश्यकता इसीलिए पड गई क्योंकि कुछ वैज्ञानिको के विचार से Proton, Neutron and Electron ये अणु के मूलभूत तत्त्व नही हैं। उनके विचार से ये तीनो किसी ऐसे पदार्थ के सयोग से बने हैं, जिसे उन्होने 'क्वार्क' का नाम दिया है। किन्तु यह सुखद आश्चर्य का विपय है कि ये परिश्रमी वैज्ञानिक जब भी 'क्वार्क' की खोज कर चुकेंगे, तब वह जैनाचार्यों द्वारा पूर्व विश्लेपित पुद्गल ही होगा।[2]

यह आश्चर्य है कि जो 'क्वार्क' विज्ञान-जगत मे अभी विवादास्पद एव खोज का विपय ही बना हुआ है, जैनाचार्यो ने उसका विश्लेपण सह-स्राब्दियो पूर्व ही कर दिया था। वैज्ञानिको के अनुमान से वह क्वार्क

1 तीर्थंकर महावीर स्मृतिग्रन्थ, पृ० 276

2 वही, पृ० 277

कि सूक्ष्मातिसूक्ष्म हैं, इस श्रेणी के पुद्गल कहलाते हैं। (Extrafine matter such as the streams of single elementary particles, electrons, protons and positrons or the particles like neutrons which are composed of two elementary particles each, a proton and an electorn in close union )

वर्तमान भौतिकशास्त्रियो के अनुसार विश्व मे व्याप्त सभी परमाणु चाहे वे किसी भी पदार्थ से सम्बन्धित हो, Proton (स्निग्धकण) तथा Neutron (उदासीन कण) भिन्न-भिन्न सख्याओ मे इन परमाणुओ के बन्ध से ही बने हैं। जैनाचार्यों ने भी यही तथ्य प्रस्तुत किया है—

णिद्धस्स णिद्धेण दुराहिएण लुक्खस्स लुक्खेण दुराहिएण।
णिद्धस्स लुक्खेण हवेज्ज बंधो जहण्णवज्जे विसमे समे वा॥
(गोम्मट० 614)

अर्थात् स्निग्ध परमाणु का दूसरे दो गुण अधिक स्निग्ध परमाणु के साथ बन्ध होता है। एक रूक्ष परमाणु का दूसरे दो गुण अधिक रूक्ष परमाणु के साथ बन्ध होता है। एक स्निग्ध परमाणु का दूसरे दो गुण अधिक रूक्ष परमाणु के साथ भी बन्ध होता है। सम एव विमम दोनो का बन्ध होता है। किन्तु जघन्य गुण वाले का बन्ध नहीं होता।

## पुद्गल-द्रव्य का स्थूल-सूक्ष्मरूप एव प्रोफे आइस्टाइन

जैनाचार्यों ने प्राचीन काल से ही उष्णता (Heat), प्रकाश (Light) एव विद्युत् (Electricity) जिस शक्ति के रूप माने हैं वे वस्तुतः पुद्गल द्रव्य के 'स्थूल-सूक्ष्म' रूप ही हैं। यही वात इस सदी के प्रारम्भिक दशक मे अल्बर्ट आइस्टीन ने सिद्ध की थी। उनके प्रयोगो के निष्कर्षानुसार 3000 टन पत्थर के कोयले को प्रज्वलित करने से जितनी ताप (Heat) उत्पन्न हो उसे इकट्ठा कर यदि कांटे पर तौलना सम्भव हो तो उसकी तौल

(weight) मात्र एक ग्राम होगी। अर्थात् देखने मे विशाल किंतु वज़न अत्यत लघु।[1]

## धर्मद्रव्य (Medium of Motion)

कुन्दकुन्द आदि अनेक जैनाचार्यों द्वारा प्रयुक्त 'धर्मद्रव्य' एक पारिभाषिक वैज्ञानिक शब्द है। वह निश्चय ही किसी सम्प्रदाय, क्रियाकाण्ड या दर्शन-विशेष से सम्बन्धित शब्द नही है। यहाँ पर उसका अर्थ है—"जो जीवो एव पुद्गलो की गमनक्रिया मे सहायक हो, वह धर्मद्रव्य है।" कुन्दकुन्द ने स्पष्ट कहा है—

> उदय जह मच्छाण गमणाणुग्गहकरं हवदि लोए।
> तह जीवपोग्गलाण धम्मं दव्वं वियाणाहि ॥ पचास्ति० 85 ॥

अर्थात् जिस प्रकार लोक मे पानी मछलियो के गमन मे अनुग्रह करता है, उसी प्रकार धर्मद्रव्य जीवो एव पुद्गलो के गमन करने मे अनुग्रह करता है।

## धर्म-द्रव्य की आवश्यकता

आचार्य कुन्दकुन्द ने धर्मद्रव्य को अमूर्त, अदृश्य, लोकव्यापी, अखण्ड, विशाल, असख्यात प्रदेशी एव उदासीन माना है।[2] तात्पर्य यह कि विश्व मे यदि धर्मद्रव्य न होता तो वस्तु की समस्त क्रियाएँ ठप्प पडी रह जाती और सर्वत्र स्थिरिता या जडता का साम्राज्य बना रहता। यहाँ तक कि सूर्य एव चन्द्र की किरणें भी पृथ्वी पर न आ पाती, मेघजल भी पृथ्वीमण्डल पर न पहुँच पाता, नदियो एव वायु का प्रवाह भी जहाँ का तहाँ रुका पडा रहता। विश्व के विविध जीवों एव पुद्गलो मे जो भी जहाँ भी गतिशीलता दिखाई देती है, वह सब धर्मद्रव्य के कारण ही। रेलें, बसें, हवाई जहाज, समुद्री

---

1. तीर्थं, महावीर स्मृतिग्रन्थ, पृ० 277
2. पचास्तिकाय, गाथा-84

दो भागो मे विभक्त है—(1)लोकाकाश, जिसमे जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म एव काल द्रव्य पाए जावें। तथा (2) अलोकाकाश, अर्थात् जिसमे केवल आकाश ही आकाश हो।

लोकाकाश के बाहर (धर्म-अधर्म-द्रव्य के अभाव के कारण) जीवा-जीवादि का गमनागमन सम्भव नही।[1]

## आकाश-द्रव्य और आधुनिक विज्ञान

जैनाचार्यों द्वारा प्रतिपादित आकाश मे विद्यमान समस्त गुणो को स्वीकार करते हुए आधुनिक वैज्ञानिक भी आकाश को स्वतन्त्र द्रव्य नही मानते। इस विषय मे भी H Ward का यह कथन ध्यातव्य है—

"The total amount of matter which exists, is limited and that the total extent of the Universe (लोक) is finite They do not concieve that there is limit beyond which no space exists"[2]

आइस्टाइन की खोज के अनुसार पदार्थ की सत्ता आकाश के सीमा-परिमाण मे कारण है। विना वस्तु एव समय के आकाश की कल्पना नही की जा सकती क्योकि पदार्थ ही इसका आधार है।[3] किन्तु जैन-दर्शन का सिद्धान्त आइस्टाइन की खोज से भी मेल नही खाता क्योकि उसके अनुसार तो विश्व लोकाकाश एव अलोकाकाश मे सर्वत्र व्याप्त है और वह समस्त विश्व का एक भाग (लोकाकाश) सीमित मानता है और उसके ऊपर है अनन्त आकाश।[4]

इसके विपरीत आइस्टाइन ने समस्त विश्व को सीमित माना है तथा उसके ऊपर कुछ भी नही अर्थात् वे आकाश को शून्य नही मानते और इसी

---

1 पचास्तिकाय, गाथा-94

2 महावीर स्मृति ग्रन्थ, पृ० 121

3 वही, पृ० 122

4 पचास्तिकाय, गाथा-91

## परिशिष्ट-1

# कुन्दकुन्द-सौरभ

**लोक-भाषा (प्राकृत) के प्रयोग की अनिवार्यता—**

1 जहण वि सक्कमणज्जो अणज्जभास विणादुगा हेदु ।
तह ववहारेण विणा परमत्थुवदेसणमसवक ।।

(समयसार, 8)

—जिस प्रकार अनार्य को अनार्य-भाषा के विना अर्थग्रहण कराना (अर्थात् आशय समझाना) शक्य नही है, उसी प्रकार व्यवहार-नय के बिना परमार्थ का उपदेश करना भी शक्य नही ।

विशेष—जैनाचार्यों की विशेषता रही है कि उन्होंने जिस प्रकार लोक-जीवन से अपना सम्बन्ध रखा, उसी प्रकार लोक-भाषाओ से भी । क्योकि वे निरन्तर यह सोचकर चलते रहे कि यदि सामान्य जनता के लिए, सामान्य-जनता की भाषा मे उसके हित की बातें न समझाई जाएँ, तो वे उसे समझ ही नही पायेंगे। कुन्दकुन्द के पूर्व भगवान महावीर भी यही आदर्श स्थापित कर चुके थे। कुन्दकुन्द ने भी यही अनुभव किया कि लोक-भाषाओ का प्रयोग अत्यावश्यक है। अत उन्होंने अपने 'समयसार' नामक ग्रन्थ की उक्त गाथा मे लोकभापा के प्रयोग पर वल दिया है। वे कहते हैं कि अनार्य-व्यक्ति को अनार्य-भाषा के विना अर्थ-ग्रहण कराना शक्य नही ।

कुन्दकुन्द का तात्पर्य है कि भाषा के क्षेत्र मे भी लोकतन्त्र उसी प्रकार होना चाहिए, जिस प्रकार कि राजनीति मे ।

मध्यकाल मे अराविक या पर्शियन भाषा राज्य-भापा वनी । अग्रेजो के समय मे भी अग्रेजी राज्य-भापा वनी, उसका सामान्य जन-जीवन पर क्या

—मनुष्यत्व से नष्ट हुआ देही देव अथवा अन्य होता है। उन दोनो जीवभाव नष्ट नही होता और दूसरा जीवभाव भी उत्पन्न नही होता।

अस्तिकायो के भेद—

12 जीवा पुग्गलकाया आयास अत्थिकाइया सेसा।
अमया अत्थित्तमया कारणभूदा हि लोगस्स ॥

(पञ्चा० 22)

—जीव, पुद्गलकाय, आकाश और शेप दो अस्तिकाय अकृत हैं अस्तित्वमय हैं और वास्तव मे लोक के कारणभूत हैं।

कालद्रव्य का लक्षण—

13 ववगदपणवण्णरसो ववगददोगधअट्ठफासो य।
अगुरुलहुगो अमुत्तो वट्टणलक्खो य कालो त्ति ॥

(पञ्चा० 24)

—काल पाँच वर्ण और पाँच रस रहित, दो गन्ध और आठ ... रहित, अगुरुलघु, अमूर्त और वर्तना लक्षणवाला है।

व्यवहार काल—

14 समओ णिमिसो कट्ठा कला य णाली तदो दिवारत्ती।
मासोदुअयणसवच्छरो त्ति कालो परायत्तो ॥

(पञ्चा० 25)

—समय, निमेष, काष्ठा, कला, घडी, अहोरात्र, मास, ऋतु, अयन और वर्ष ऐसा जो काल (अर्थात् व्यवहारकाल) है, वह पराश्रित है।

जीव (Soul) का लक्षण—

15 जीवो त्ति हवदि चेदा उवओगविसेसिदो पहू कत्ता।
भोत्ता य देहमत्तो ण हि मुत्तो कम्मसजुत्तो ॥

(पञ्चा० 27)

23 धादुचदुक्कस्स पुणो ज हेदू कारण ति त णेयो।
खधाण अवसाणो णादव्वो कज्जपरमाणू ॥
(नियमसार 25)

—पुन॰ धातु-चतुष्क (पृथ्वी, जल, तेज और वायु) का जो कारण है, वही परमाणु है, ऐसा जानना। स्कन्धो के अवसान को कार्य-परमाणु जानना चाहिए।

प्रकारान्तर से परमाणु का लक्षण—

24 सव्वेसि खधाण जो अंतो त वियाण परमाणू।
सो सस्सदो असद्दो एक्को अविभागी मुत्तिभवो ॥
(पञ्चा॰ 77)

—सर्व स्कन्धो का जो अन्तिम भाग होता है, उसे ही परमाणु जानो। वह अविभागी, एक, शाश्वत, मूर्तिप्रभव (मूर्त रूप से उत्पन्न होनेवाला) और अशब्द है।

धर्म-द्रव्य का का स्वरूप—

25 उदय जह मच्छाण गमणाणुग्गहकर हवदि लोए।
तह जीवपोग्गलाण धम्म दव्व वियाणाहि ॥
(पञ्चा॰ 85)

—जिस प्रकार जगत् मे पानी मछलियो के लिए गमन मे अनुग्रह करता है, उसी प्रकार धर्मद्रव्य जीव-पुदगलो को गमन करने मे अनुगह करता है (निमित्तभूत होता है) ऐसा जानो।

अधर्म-द्रव्य का स्वरूप—

26 जह हवदि धम्मदव्व तह त जाणेह दव्वमधमक्ख।
ठिदिकिरियाजुत्ताण कारणभूद तु पुढवीव ॥
(पञ्चा॰ 86)

—जिस प्रकार धर्मद्रव्य है, उसी प्रकार अधर्म-नाम का द्रव्य भी जानो, परन्तु वह (गतिक्रियायुक्त को कारणभूत होने के वदले) स्थिति-क्रियायुक्त को पृथ्वी की भाँति कारणभूत है।

धर्म-अधर्म अस्तिकायो की विशेषताएँ—

27 जादो अलोगलोगो जेसिं सब्भावदो य गमणठिदी।
दो वि य मया विभत्ता अविभत्ता लोयमेत्ता य।।
(पञ्चा० 87)

—(जीव-पुद्गल की) गति-स्थिति तथा अलोक और लोक का विभाग, उन दो द्रव्यो के सद्भाव से होता है और वे दोनो विभक्त, अविभक्त और लोक प्रमाण कहे गए है।

28 ण य गच्छदि धम्मत्थी गमण ण करेदि अण्णदवियस्स।
हवदि गदिस्स य पसरो जीवाण पोग्गलाण च।।
(पञ्चा० 88)

—धर्मास्तिकाय गमन नही करता और अन्य द्रव्य को गमन नही कराता। वह जीवो तथा पुद्गलो को (गतिपरिणाम मे आश्रयमात्र रूप होने मे) गति का उदासीन प्रसारक है।

आकाश-अस्तिकाय का स्वरूप—

29. सव्वेसिं जीवाण सेसाण तह य पोग्गलाण च।
ज देदि विवरमखिल त लोगे हवदि आगास।।
(पञ्चा० 90)

—लोक मे जीवो को और पुद्गलो को तथा शेष समस्त द्रव्यो को जो सम्पूर्ण अवकाश देता है, वही आकाश है।

काल-द्रव्य का स्वभाव—

30 कालो परिणामभवो परिणामो दव्वकालसभूदो।
दोण्ह एस सहावो कालो खणभगुरो णियदो।।
(पञ्चा० 100)

—जिस प्रकार कोई पुरुष यह कहे कि यह ग्राम, जनपद, नगर एव राष्ट्र हमारा है। (क्या उसका यह कथन उचित है ?) नही, वे वस्तुत उसके नही है। तथापि वह आत्म-मोहवश होकर ही ऐसा कहता है।

37 एमेव मिच्छदिट्ठी णाणी णिस्ससय हवदि एसो।
जो परदव्व मम इदि जाणतो अप्पय कुणदि॥

(समयसार 326)

—जो ज्ञानी 'परद्रव्य मेरा है' यह समझता हुआ परद्रव्य को निजरूप कर लेता है, वह ज्ञानी नि सन्देह ही मिथ्यादृष्टि (अज्ञानी) है।

38 तम्हा ण मे त्ति णच्चा दोण्ह एदाण कत्तिववसाओ।
परदव्वे जाणतो जाणेज्जा दिट्ठिरहिदाण॥

(समयसार 327)

—इसलिए 'ये परद्रव्य मेरे नही है' यह जानकर लोक और श्रमण इन दोनो के परद्रव्य मे कर्तृत्व के व्यवसाय को जानते हुए समझो कि यह व्यवसाय (विचार) मिथ्यादृष्टियो (अज्ञानियो) का ही है, सम्यग्दृष्टियो का नही।

मिथ्यादृष्टियो की अज्ञानता—

39 पासडिय लिंगेसु व गिहिलिगेसु व बहुप्पयारेसु।
कुव्वत्ति जे ममत्त तेहि ण णाद समयसार॥

(समयसार 413)

—जो लोग बहुत प्रकार के साधु-लिंगो मे अथवा गृहस्थ-लिंगो मे ममत्व करते हैं, उन्होने समयसार (अर्थात् शुद्धात्म-स्वरूप) को समझा ही नही।

—चारित्र ही वास्तव मे धर्म है और धर्म से ही साम्यभाव की उत्पत्ति होती है, ऐसा (शास्त्रो मे) कहा गया है। साम्य ही मोह-क्षोभ रहित आत्मा का परिणाम (भाव) है।

आत्मा के शुद्ध एवं शुभ भावो का फल—

20 धम्मेण परिणदप्पा अप्पा जदि सुद्धसपयोगजुदो।
पावदि णिव्वाणसुह सुहोवजुत्तो व सग्गसुह ॥
(प्रवचनसार 1/11)

—धर्म से परिणमित स्वरूप वाला आत्मा यदि शुद्ध-उपयोग मे युक्त हो, तो मोक्ष-सुख को प्राप्त करता है और यदि शुभोपयोग वाला हो तो स्वर्ग के सुख को (वन्ध को) प्राप्त करता है।

अतीन्द्रिय-ज्ञान का स्वरूप—

21 अपदेस सपदेस मुत्तममुत्त च पज्जयमजाद।
पलय गय च जाणदि त णाणमदिदिय भणिय ॥
(प्रवचन॰ 1/41)

—जो अप्रदेश को, सप्रदेश को, मूर्त को और अमूर्त को तथा अनुत्पन्न और नष्ट पर्याय को जानता है, वह ज्ञान अतीन्द्रिय कहा गया है।

सम्यग्दर्शन के बिना धर्म का लाभ नहीं—

22 सत्तासबद्धेदे सविसेसे जो हि णेव सामण्णे।
सद्दहदि ण सो समणो तत्तो धम्मो ण सभवदि ॥
(प्रवचन॰ 1/91)

—जो श्रमणावस्था मे इन सत्ता-युक्त सविशेष पदार्थों की श्रद्धा नही करता, वह श्रमण नही है। उससे धर्म का उद्भव नहीं होता।

द्रव्य का लक्षण—

23 अपरिच्चत्तसहावेणुप्पादव्वयधुवत्तसबद्ध।
गुणव च सपज्जाय ज त दव्व ति वुच्चति ॥
(प्रवचन॰ 2/3)

—स्वभाव को छोडे विना जो उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य-सयुक्त है तथा गुण-युक्त और पर्याय सहित है, उसे 'द्रव्य' कहते हैं ।

आत्मा का शरीर नहीं होता—

24 ओरालियो य देहो वेउव्विओ य तेजइओ ।
आहारय कम्मइ ते पुग्गलदव्वप्पगा सव्वे ।
(प्रवचनसार 2/79)

—औदारिक शरीर, वैक्रियक शरीर, तैजस शरीर, आहारक शरीर और कार्मण शरीर ये सव पुद्गलद्रव्यात्मक है ।

द्रव्यवन्ध भाववन्धपूर्वक होता है—

25 सपदेसो सो अप्पा तेसु पदेसेसु पुग्गला काया ।
पविसति जहाजोग्ग चिट्ठति य जति वज्झति ।।
(प्रवचन॰ 2/86)

—वह आत्मा सप्रदेश है, उन प्रदेशो मे पुद्गलसमूह प्रवेश करते हैं, यथायोग्य रहते है, जाते हैं, और वँधते हैं ।

ममकार के त्याग के बिना सन्मार्ग की प्राप्ति नहीं—

26 ण चयदि जो दु मर्मात्ति अह ममेद ति देहदविणेसु ।
सो सामण्ण चत्ता पडिवण्णो होदि उम्मग्ग ।।
(प्रवचन॰ 2/98)

—जो देह-धनादिक मे 'मैं यह हूँ और यह मेरा है' ऐसी ममता को नही छोडता, वह श्रमणत्व को छोडकर उन्माग का आश्रय लेता है ।

शुद्ध-भाव से शुद्धात्मा का लाभ—

27 णाह होमि परेसि ण मे परे सति णाणमहमेक्को ।
इदि जो झायदि झाणे सो अप्पाण हवदि झादा ।।
(प्रवचन॰ 2/99)

—मैं पर का नही हूँ, पर मेरे नही हैं, मैं एक ज्ञान हूँ, इस प्रकार जो ध्यान करता है, वह आत्मा ध्यानकाल मे ध्याता होता है ।

### श्रामण्य का बाह्य-चिह्न—

28 जधजादरूवजाद उप्पाडिदकेसमसुग सुद्ध ।
रहिद हिसादीदो अप्पडिकम्म हवदि लिग ॥

(प्रवचन० 3/5)

—जन्म-समय के रूप जैसे रूपवाला, सिर और दाढी-मूंछ के बालो का लोच किया हुआ शुद्ध (अकिचन), हिसादि से रहित और प्रतिकर्म (शारीरिक शृगार) से रहित—लिग (श्रामण्य का बहिरग चिह्न) है ।

### सम्यग्दृष्टि के गुण—

29 मयमूढमणायदण सकाइवसणभयमईयार ।
जेसि चउदालेदे ण सन्ति ते होति सद्दिट्ठी ॥

(रयणसार 7)

—जिनके आठ प्रकार के मद (अहकार), तीन मूढताएँ (लोक-रूढियाँ), छह अनायतन (कुससर्ग), शकादिक आठ दोष, सात व्यसन (कुटेव), सात तरह के भय और नियम-व्रत आदि के उल्लघन स्वरूप पाँच प्रकार के अतिचार कुल मिलाकर चवालीस दूषण नही होते, वे सम्यग्दृष्टि होते हैं ।

### सुपात्र-दान का फल—

30 खेत्तविसेसे काले वविय सुवीय फल जहा विउल ।
होइ तहा त जाणहि पत्तविसेसेसु दाणफल ॥

(रयण० 17)

—अर्थात् जिस प्रकार उचित काल मे उत्तम क्षेत्र मे बोये गये अच्छे बीज का बहुत अच्छा फल मिलता है, उसी प्रकार उत्तम पात्र (मुनि) मे दिए गए दान का फल भी उत्तम होता है ।

### सुपात्र-दान का फल

31 मादु-पिदु-पुत्त-मित्त कलत्त-धणधण्ण-वत्थु-वाहण-विहव ।
ससारसारसोक्ख सव्व जाणउ सुपत्तदाणफल ।।
(रयण० 18)

—माता-पिता, मित्र, पत्नी, धन-धान्य, घर, वाहन (सवारी) आदि वैभव और ससार का उत्तम सुख, ये सभी सुपात्र-दान के फल से प्राप्त होते हैं।

### सुपात्र-दान का फल—

32 सत्तगरज्ज-णव-णिहि-भडार-छडग वल-चउद्दह रयण ।
छण्णवदि सहस्सेत्थि-विहव जाणउ सुपत्तदाणफल ।।
(रयण० 19)

— उत्तम पात्र को दान देने से राजा, मन्त्री, मित्र, कोष, देश, किला, सेना (सप्ताग राज्य का पद), नव-निधि (काल, महाकाल, पाडु, मानव, शख, पद्म, नैसर्प, पिंगल, मणिरत्न), छह अगो से युक्त सेना (हाथी, घोडा, रथ, पैदल आदि), चौदह रत्न (पवनजय अश्व, विजयगिरि हस्ती, भद्रमुख गृहपति, कामवृष्टि, अयोद्ध सेनापति, सुभद्रा पत्नी, बुद्धिसमुद्र पुरोहित ये सात जीवरत्न और सात अजीव रत्न—छत्र, तलवार, दण्ड, चक्र, काकिणी-रत्न, चिन्तामणि और चर्मरत्न) एव छियानवे हजार स्त्रियो के वैभव का फल प्राप्त होता है।

### सुपात्र-दान का फल—

33 सुकुल-सुरूव-सुलक्खण-सुमइ-सुसिक्खा-सुसील-चारित्त ।
सुहलेस्स सुहणाम सुहसाद सुपत्तदाणफल ।।
(रयण० 20)

—उत्तम कुल, उत्तम रूप, उत्तम लक्षण, उत्तम बुद्धि, उत्तम शिक्षा, भद्र प्रकृति, अच्छे गुण, उत्तम चारित्र, अच्छी प्रवृत्ति, परिणामो की विशुद्धता और उत्तम सुख, ये सभी सुपात्रदान के फल हैं।

—जिस प्रकार निर्मली डालने से पानी निर्मल हो जाता है, अग्नि और सुहाग के सयोग से स्वर्ण शुद्ध हो जाता है, उसी प्रकार निर्दोप सम्यग्दर्शन से युक्त भव्य जीव शीघ्र ही निर्मल आत्मा को अर्थात् मुक्ति को प्राप्त कर लेता है।

भव्यजन-प्रबोध—

45 पढिएण वि किं कीरइ किंवा सुणिएण भावरहिएण।
भावो कारणभूदो सायारणयारभूदाण ॥
(भावपाहुड 66)

—हे भव्य, भावना रहित होकर उपदेश-श्रवण अथवा शास्त्रपठन से क्या लाभ ? क्योंकि भावना ही तो श्रावक एव साधु होने का आधार है।

46 भजसु इदियसेण भजसु मणमक्कड पयत्तेण।
मा जणरजणकरण वाहिरवयवेस त कुणसु ॥
(भाव० 90)

—इन्द्रियरूपी सेना को छिन्न-भिन्न करो, मनरूपी बन्दर को प्रयत्न-पूर्वक रोको और हे जीव, जन-सामान्य के मनोरजन मात्र के लिए व्रती-साधको के वाह्य-वेश को धारण मत करो।

47 जह पत्थरो ण भिज्जइ परिट्ठिओ दीहकालमुदएण।
तह साहू वि ण भिज्जइ उवसग्गपरीसहेहिंतो ॥ (95)

—जिस प्रकार दीर्घकाल तक जल मे पडा हुआ पत्थर जल के द्वारा टुकडे-टुकडे नही किया जाता उसी प्रकार साधु भी उपसर्ग-परीषहो द्वारा शिथिल नही किया जा सकता।

48 उत्थरइ जा ण जरओ रोयग्गी जा ण डहइ देहउडिं।
इदियवल त वियलइ ताव तुम कुणहि अप्पहिय ॥(131)

—हे भव्य, जव तक तुझे वृद्धावस्था नहीं पकड लेती, और जव तक रोग रूपी अग्नि देहरूपी कुटिया को नहीं जलाती, तथा जव तक तुम्हारी इन्द्रियो की शक्ति क्षीण नही हो जाती, तब तक तू आत्महित कर ले। ०